महरौली स्थित क्षय रोग अस्पताल में पानी तथा ठण्डी हवा की सुविधाओं का अपर्याप्त होना

*281. **श्री नन्द किशोर शर्मा:** क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि महरौली स्थित क्षय रोग अस्पताल में रोगियों के लिए पानी तथा ठण्डी हवा आदि की सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है;

(ख) क्या इस अस्पताल के महिला वार्ड में छः बिस्तरों के लिए केवल एक छत का पंखा है;

(ग) क्या सरकार का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया गया है, और यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या ऊपरी मंजिलों पर वार्डों में काफी मात्रा में पानी उपलब्ध है और यदि हां, तो पानी कितनी-कितनी देर बाद उपलब्ध होता है?

शिक्षा तथा स्वास्थ्य तथा समाज कल्याण मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द): (क) और (घ). इस अस्पताल के वार्ड काफी हवादार हैं। यह अस्पताल वातानुकूलित नहीं है। इसमें पानी सप्लाई करने के लिए 4 कुएं हैं। अस्पताल में पानी की कोई कमी नहीं है लेकिन गर्मी के महीनों में कुछ कठिनाई अवश्य महसूस की जाती है जिसके लिए वार्डों में पानी जमा करने की सुविधायें प्रदान कर दी गई हैं।

(ख) 21 पलंगों वाले प्रत्येक महिला वार्ड में 64 इंच के 6 पंखे लगे हुए हैं तथापि, उन छोटे कमरों में जिनमें केवल चार पलंग आते हैं 64 इंच के केवल एक ही पंखे की व्यवस्था है जबकि छः पलंगों वाले बड़े कमरों में ऐसे दो-दो पंखे लगे हुए हैं।

(ग) जी नहीं। यह प्रश्न नहीं उठता।

Introduction of Trains from New Cooch Behar to Sealdah

*232. SHRI AMAR ROY PRADHAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state whether there is any proposal under consideration to introduce a new pair of trains from New Cooch Behar (North Frontier Railway) to Sealdah (Eastern Railway) to provide facilities to the passengers of Alipurduwar, sub-division and Cooch Behar District?

THE MINISTER OF SATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): No, Sir. Introduction of a new train between Sealdah and New Cooch Behar is not operationally feasible at present for want of spare line capacity on sections en route and terminal facilities at New Cooch Behar.

Posts of Clerical Staff in Personnel Branch

*283. SHRI E. BALANANDAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have imposed ban on creation of posts of clerical staff in Personnel Branch of the Railways;

(b) whether it is a fact that while it has been possible to create posts in the Open Line", administration has never created any posts in the Personnel Branch for doing personnel works for the additional staff employed in the open line; and

(c) how Government propose to manage the work?

THE MINISTER OF STAE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) Yes Sir.

(b) No Sir. As on Open line operational posts can be created, in the Personnel and Accounts Departments also some additional posts have been sanctioned for additional work.

(c) Does not arise.